# राजस्थान विश्वविद्यालय,जयपुर

जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर 302004, दूरभाष 0141-2256602 - Email: gaduorjaipur @gmail.com


## बैठक कार्यवाही विवरण

राजस्थान विश्वविद्यालय आवास आवंटन समिति की बैठक दिनांक 30.07.2025 को अपराह्न 1:00 बजे कुलपति सचिवालय स्थित सीनेट हॉल में सम्पन हुई। जिसका कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है:–

**उपस्थितिः–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. रामअवतार शर्मा (वनस्पति विज्ञान विभाग) | – | संयोजक |
| 2. | प्रो. सीमा श्रीवास्तव (प्राणी शास्त्र विभाग) | – | सदस्य |
| 3. | प्रो. प्रवीण शर्मा (ई.ए.एफ.एम. विभाग) | – | सदस्य |
| 4. | प्रो. बेला कोठारी (मानव विज्ञान विभाग) | – | सदस्य |
| 5. | विश्वविद्यालय अभियंता | – | सदस्य |
| 6. | अध्यक्ष, रा.वि.वि. अशैक्षणिक कर्मचारी संघ | – | सदस्य |
| 7. | अध्यक्ष, रा.वि.वि. सहायक कर्मचारी संघ | – | सदस्य |
| 8. | उप कुलसचिव, सामान्य प्रशासन | – | सदस्य सचिव |

**सर्वप्रथम संयोजक महोदय द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया है।**

**समिति द्वारा आवास आवंटन की वरियता सूची एवं इसके संबंध में प्राप्त आपत्ति/प्रतिवेदना व अन्य पत्रावलियों का अवलोकन करने के उपरान्त सर्वसम्मति से निम्न अनुशंसाएँ की गईः–**

1. अनुभाग में चली आ रही पूर्व परम्परानुसार तैयार आवास आवंटन हेतु वरीयता सूची पर अध्यक्ष, अशैक्षणिक कर्मचारी संघ द्वारा आपत्ति जताते हुए इसे परिवर्तित करने हेतु निवेदन किया। समिति द्वारा वर्तमान स्थिति में अनुभाग में उपलब्ध वरीयता सूची के अनुसार ही निर्णय लेने की सहमति बनी साथ ही समिति द्वारा सर्वसम्मति से आवास आवंटन की वरीयता सूची (शैक्षणिक/अशैक्षणिक) के संबंध में समिति की आगामी बैठक में विस्तार से विचार करने की अनुशंसा की गई।
2. समिति द्वारा विश्वविद्यालय आवास हेतु इच्छुक शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों से गत वर्ष की भांति आनलाईन प्रक्रिया के माध्यम द्वारा दिनांक 18 अगस्त, 2025 से 16 अक्टुबर, 2025 तक (नियमानुसार 60 दिवस) आवेदन प्राप्त करने हेतु परिपत्र जारी करने के संबंध में अनुशंसा की गई।
3. श्रीमति प्रियंका सिंगड, लिपिक ग्रेड द्वितीय, के पति श्री सत्यपाल सिंह का स्वर्गवास दिनांक 04.06.2021 के पश्चात श्रीमति सिंगड द्वारा आवास हेतु दिनांक 27.07.2021 (नियमानुसार मृत्यु उपरांत छः माह के भीतर) को आवेदन किया। परन्तु आवास आवंटन समिति की बैठक देर से होने के कारण उन्हें आवास का आवंटन दिनांक 16.06.2022 को हुआ। इसलिए समिति श्रीमति सिंगड को मानवता के आधार पर एवं इनके पारिवारिक परिस्थितयों के मद्देनजर उन्हें आवंटित आवास का आवंटन उनके द्वारा आवास आवंटन हेतु आवेदन की दिनांक 27.07.2021 से मानने की अनुशंसा करती है। साथ ही दिनांक 05.06.2021 से 26.07.2021 तक उनके पति श्री सत्यपाल सिंह के अंतिम वेतन के अनुसार आवास किराया भत्ता तथा दिनांक 27.07.2021 से श्रीमति

प्रियंका सिंगड के वेतन से नियमानुसार आवास किराया भत्ता एवं अन्य संबं... कटौतियों के बराबर राशि विश्वविद्यालय कोष में जमा कराने के संबंध में सूचित कि... जाने हेतु समिति अनुशंसा करती है।

4. श्री सुरेन्द्र सैन, लिपिक ग्रेड द्वितीय द्वारा आवास संख्या E-1/6 आवंटन किये जाने हेतु निवेदन पर विचार करते हुए समिति द्वारा यह निर्णय लिया है कि पिता की मृत्यु दिनांक 29.04.2024 के पश्चात् दिनांक 16.07.2025 को आवास आवंटन हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित किये जाने के कारण आवास आवंटन हेतु प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक 16.07.2025 से आवास संख्या **E-1/6** आवंटित किये जाने की समिति अनुशंसा करती है। साथ ही दिनांक 30.04.2024 से दिनांक 31.10.2025 तक इनके पिता श्री रामस्वरूप सैन के अंतिम वेतन के अनुसार आवास किराया भत्ता तथा दिनांक 01.11.2025 से 15.07.2025 तक श्री सुरेन्द्र सैन के वेतन से नियमानुसार आवास किराया भत्ता, संबंधित कटौतियॉ मय शास्ति के बराबर राशि विश्वविद्यालय कोष में जमा कराने के संबंध में सूचित किये जाने की समिति अनुशंसा करती है।
5. श्री लक्ष्मण सिंह, सहायक बागवान, उधान विभाग को आवास संख्या 3/5 से स्थानांतरित कर आवास संख्या **एच–23** आवंटित किये जाने समिति अनुशंसा करती है।
6. श्री यश सैन, लिपिक ग्रेड द्वितीय द्वारा आवास संख्या एम–2 आवंटन किये जाने हेतु निवेदन पर पुनः विचार करते हुए समिति द्वारा यह निर्णय लिया है कि इनके पिता की मृत्यु दिनांक 04.02.2024 के पश्चात् (नियमानुसार छः माह के भीतर) दिनांक 03.06.2024 को आवास आवंटन हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित किये जाने के कारण मानवीयता के आधार पर एवं पारिवारिक परिस्थितयों के मद्देनजर आवास आवंटन हेतु प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक 03.06.2024 से आवास संख्या **एम–2** आवंटित किये जाने की समिति अनुशंसा करती है। साथ ही दिनांक 05.02.2024 से दिनांक 02.06.2024 तक इनके पिता श्री संतोष सैन के अंतिम वेतन के अनुसार आवास किराया भत्ता तथा दिनांक 03.06.2024 से श्री यश सैन के वेतन से नियमानुसार आवास किराया भत्ता एवं अन्य संबंधित कटौतियॉ के बराबर राशि विश्वविद्यालय कोष में जमा कराने के संबंध में सूचित किये जाने की समिति अनुशंसा करती है।
7. विश्वविद्यालय परिसर स्थित टीआर/एल टाईप आवासों में निवासरत सहायक आचार्यो को आर टाईप आवास जो सह–आचार्य संवर्ग के लिए आवंटन हेतु निर्धारित है के आवास तथा आर टाईप आवासों में निवासरत सह–आचार्यो को पी/सी टाईप के आवास जो प्रोफेसर संवर्ग के लिए आवंटन हेतु निर्धारित है, आवास रिक्त होने एवं आवासों में निवासरत शिक्षकों द्वारा दिनांक 18 अगस्त, 2025 से 31 अगस्त, 2025 तक लिखित में आवेदन सामान्य प्रशासन अनुभाग में प्रस्तुत करने पर आवासों के रख–रखाव एवं विश्वविद्यालय राजस्व के दृष्टिगत वांछित आवासों का आवंटन करना समुचित प्रतीत होता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त आवेदन पूर्व में विश्वविद्यालय आवासों में निवासरत शिक्षकों की मूल आवंटन वरीयता तिथी के अनुसार किये जाने हेतु समिति अनुशंसा करती है। साथ ही समिति उक्त प्रकरण को आगामी माननीय सिंडीकेट के समक्ष रिर्पोटिंग आईटम रखने हेतु भी अनुशंसा करती है।
8. आवास आवंटन की वरीयता सूची (अशैक्षणिक) वर्ष 2019–2020 अनुसार रवि श्रीवास्तव, जूनियर टेकनिकल असिसटेन्ट (क्रम संख्या–1) एवं कंगरा गौरव नागेश, जूनियर टेकनिकल असिसटेन्ट (क्रम संख्या–2) द्वारा विश्वविद्यालय आवास आवंटित नहीं किये जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जाने के कारण वरीयता सूची (अशैक्षणिक) के

क्रमानुसार अगामी कार्मिकों को रिक्त आवास आवंटित किये जाने की समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुशंसा की गई। जो निम्नानुसार है :–

- सुश्री सुनीता सैनी, प्रयोगशाला सहायक, महारानी महाविद्यालय को वरीयता सूची (अशैक्षणिक) **वर्ष 2019–2020 (क्रम संख्या–3)** अनुसार आवास संख्या **एम–09** आवंटित किया जाता है।
- श्रीमति मनीषा श्रृंगी, लिपिक ग्रेड द्वितीय, लेखा एवं वित्त विभाग को वरीयता सूची (अशैक्षणिक) **वर्ष 2019–2020 (क्रम संख्या–4)** अनुसार आवास संख्या **डी–01** जिसमें वह पहले से ही निवासरत है, जो पूर्व में माननीय कुलपति महोदया के विवेकाधीन कोटे से एक वर्ष के लिए उन्हें आवंटित किया गया था, नियमित रूप से आवंटित किया जाता है।
- श्री राजन लाल मीना, लिपिक ग्रेड द्वितीय, शोध अनुभाग, को वरीयता सूची (अशैक्षणिक) **वर्ष 2019–2020 (क्रम संख्या–5)** अनुसार आवास संख्या **एम–10** आवंटित किया जाता है।
- श्री राजेन्द्र मीना, लिपिक ग्रेड द्वितीय, लेखा एवं वित्त विभाग, को वरीयता सूची (अशैक्षणिक) **वर्ष 2019–2020 (क्रम संख्या–6)** अनुसार आवास संख्या **एम–19** आवंटित किया जाता है।
- श्री अजीत सिंह गौतम, लिपिक ग्रेड प्रथम, सामान्य प्रशासन अनुभाग, को वरीयता सूची (अशैक्षणिक) **वर्ष 2019–2020 (क्रम संख्या–7)** अनुसार आवास संख्या **डी–12** आवंटित किया जाता है।
- श्री शम्भु दयाल, सहायक कर्मचारी, केन्द्रीय पुस्तकालय को आवास संख्या **एच–29** आवंटित किये जाने की समिति द्वारा अनुशंसा की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| **प्रो. राम अवतार शर्मा**<br>(संयोजक) | **प्रो. सीमा श्रीवास्तव**<br>(सदस्य) | Prveen sharma<br>**प्रो. प्रवीण शर्मा**<br>सदस्य |
| **प्रो. बेला कोठारी**<br>(सदस्य) | **विश्वविद्यालय अभियंता**<br>(सदस्य) | ABSENT in Meeti...<br>**वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सहलाहकार**<br>(विशेष आमंत्रित सदस्य) |
| **अध्यक्ष**<br>रा.वि.वि.अशैक्षणिक कर्मचारी संघ<br>(सदस्य) | **अध्यक्ष**<br>रा.वि.वि.सहायक कर्मचारी संघ<br>(सदस्य) | 30/7/25<br>**उप कुलसचिव**<br>सामान्य प्रशासन<br>(सदस्य सचिव) |